
# अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 26.01.2025

## एडीजी रमित शर्मा को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक



बरेली। एडीजी जोन रमित शर्मा को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। 1999 बैच के आईपीएस रमित शर्मा प्रदेश के कई जिलों व शहरों में अलग-अलग पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। 25 साल की सेवा में उनके उल्लेखनीय कार्यों को देखते उन्हें यह पदक देने की घोषणा की गई है। प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर रहते हुए उन्हें गृह मंत्रालय के विशिष्ट पदक से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी प्रयागराज तैनाती के दौरान ही माफिया अतीक व उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ के साम्राज्य को नेस्तनाबूद किया गया था। रमित शर्मा साफ छवि के लिए चर्चित हैं। ब्यूरो >> गैलेंट्री सेना मेडल से नवाजे जाएंगे मेजर संगम दीक्षित : पेज 6

## गैलेंट्री सेना मेडल से नवाजे जाएंगे मेजर संगम दीक्षित



**बरेली।** पिता की प्रेरणा से सैन्य अफसर बने मेजर संगम दीक्षित को गणतंत्र दिवस पर गैलेंट्री सेना मेडल से नवाजा जाएगा। इसकी जानकारी मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। मणिपुर में आतंकवादियों के इरादे ध्वस्त करने के लिए उनको यह सम्मान मिलेगा। भरतौल निवासी पिता महेंद्र कुमार दीक्षित के मुताबिक बेटा संगम वर्तमान में 16 कुमाऊं रेजिमेंट में तैनात है। बीते वर्ष मणिपुर में एक ऑपरेशन के दौरान पांच आतंकवादियों को जीवित पकड़ने के साथ उनसे एक-एक एके 47 और एके 56 बरामद की थी। जान की परवाह किए बगैर वीरतापूर्ण कार्य के लिए संगम को सेना मेडल से नवाजा जाएगा। बेटे के सीने पर वीरता का पदक लगने की जानकारी से मां आदेश दीक्षित, भाई शिवम दीक्षित भी खुश हैं। बरेली कॉलेज से ग्रेजुएशन के दौरान ही उनका चयन सैन्य सेवा के लिए हो गया था। ब्यूरो

**भव्य होगी गणतंत्र दिवस परेड :** गणतंत्र दिवस की परेड के लिए इस बार पुलिस लाइन में भव्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। लगभग 2000 आमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। प्रत्येक थाने से 70 प्रतिष्ठित व संभ्रांत लोगों को कार्ड भेजकर बुलाया गया है। एडीजी, आईजी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इसी कार्यक्रम के दौरान शासन से मिले अवार्ड पुलिसकर्मियों को सौंपे जाएंगे।

## दोहरे एनकाउंटर में इंस्पेक्टर गीतेश कपिल व टीम को वीरता पदक




एडीजी जोन कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को बड़ा बाइपास पर अहलादपुर में हुए दोहरे एनकाउंटर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान किया गया है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में लूट के बाद इज्जतनगर थाना क्षेत्र में यह एनकाउंटर किया गया था, तब गीतेश कपिल सदर कोतवाल थे। तत्कालीन एसपी अशोक मीणा, सीओ कुलदीप कुमार और सिपाही प्रवीण अहलावत भी शामिल थे। इन सभी को यह अवार्ड मिलेगा। बाकी लोग अलग-अलग जिलों में तैनात हैं।


कुंवर बहादुर सिंह


अनिल कुमार सिंह


बलवेंद्र सिंह


चिंतामणि पांडेय


शिव सिंह

### इन पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा सम्मान



रामकुमार शर्मा


राकेश कुमार

पुलिस महानिदेशक की ओर से आंवला थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह, दरोगा अनिल कुमार सिंह और बारादरी थाने में तैनात सिपाही बलवेंद्र सिंह को प्रशंसा चिह्न 'सिल्वर' दिया गया है। दरोगा चिंतामणि पांडेय को 'उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न', दरोगा शिव सिंह, मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, रामकुमार शर्मा और राकेश कुमार को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न से सम्मानित किया गया है। इधर, जिला जेल के वार्डर मोहम्मद अल्तमश और सतीश कुमार पाल समेत कारापाल संजय कुमार सिंह को भी प्रशंसा चिह्न दिया जाएगा।

## इनामी बदमाशों को ढेर करने में एसटीएफ के एएसपी समेत सात को प्रशंसा चिह्न







स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) बरेली इकाई के एएसपी अब्दुल कादिर को पुलिस महानिदेशक के स्वर्ण पदक (प्रशंसा चिह्न) से नवाजा गया है। उनकी टीम के सात लोगों को यह अवार्ड मिला है। इनमें इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह को हीरक पदक, संदीप कुमार को स्वर्ण पदक, मुख्य आरक्षी शिवओम पाठक, कुशांक, हरिओम सिंह और धर्मेंद्र कुमार को रजत पदक दिया गया है। मुख्य आरक्षी रामजी लाल को सेवा अभिलेख के आधार पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न दिया गया है।

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 26.01.2025

# एडीजी रमित शर्मा को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक

बरेली, वसं। जोन के एडीजी रमित शर्मा को सराहनीय पुलिस सेवा के लिए राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक और इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को गैलेंट्री अवार्ड दिया गया है। एसटीएफ के एएसपी समेत पूरी टीम और जिले के कई अन्य पुलिसकर्मी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किए गए हैं। ब्योरा P04

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 26.01.2025

# एडीजी को मिला राष्ट्रपति पदक

## इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को गैलेंट्री अवार्ड

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** जोन के एडीजी रमित शर्मा को सराहनीय पुलिस सेवा के लिए राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक और इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को गैलेंट्री अवार्ड दिया गया है। एसटीएफ के एडिशनल एसपी समेत पूरी टीम और जिले के कई अन्य पुलिसकर्मी डीजीपी की ओर से दिए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किए गए हैं।

बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा 1999 बैच के आईपीएस हैं। सर्विस के कार्यकाल में उनकी उल्लेखनीय सेवा और कार्यो को देखते हुए उन्हें राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक दिया गया है। प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर रहते उन्हें गृह मंत्रालय के विशिष्ट पदक से सम्मानित किया गया था। इससे पूर्व भी उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के कई मेडल उन्हें मिल चुके हैं। एडीजी रमित शर्मा पुलिस विभाग में अपनी ईमानदार और तेजतर्रार छवि के लिए जाने जाते हैं।

**गीतेश कपिल ने किया था लुटेरों का एनकाउंटर:** एडीजी कार्यालय में तैनात शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को वर्ष 2019 में बड़ा बाईपास पर दो बदमाश कपिल चौधरी और अशोक के एनकाउंटर के लिए गैलेंट्री अवार्ड दिया गया है। इस टीम में तत्कालीन एएसपी अशोक मीणा, सीओ कुलदीप कुमार और सिपाही प्रवीण अहलावत भी शामिल थे। दोनों बदमाश शहर के सर्राफ अनूप अग्रवाल की रकम लूटकर भागे थे। बड़ा बाईपास इलाके में पीछा करते हुए पहुंची पुलिस टीम ने इन दो बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया था।



एडीजी रमित शर्मा।

### एसटीएफ के एडिशनल एसपी समेत नौ सम्मानित

एसटीएफ की बरेली यूनिट के एडिशनल एसपी अब्दुल कादिर व हेड कांस्टेबल शिवओम पाठक को डीजीपी का स्वर्ण पदक, इंस्पेक्टर राकेश सिंह को हीरक और संदीप कुमार, कुशांक, हरिओम सिंह व धर्मेंद्र सिंह को रजत पदक दिया गया है। रामजी लाल को सेवाभिलेख और हरिओम सिंह को शौर्य सम्मान दिया गया है।

### इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह को मिले दो सम्मान

सेवाभिलेख के आधार पर इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह को सराहनीय सेवा और शौर्य के आधार पर सिल्वर प्रशंसा चिह्न दिया गया है। इनके अलावा दरोगा शिव सिंह, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, रामकुमार शर्मा व राकेश कुमार को सराहनीय सेवा और बारादरी के कांस्टेबल बलवेंद्र सिंह को शौर्य के लिए सिल्वर प्रशंसा चिह्न मिला है।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 26.01.2025

## बरेली पुलिस पर पदकों की बारिश

### गैलेंट्री अवार्ड



- एडीजी जोन रमित शर्मा 76वें गणतंत्र दिवस पर गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित होंगे। 1999 बैच के आईपीएस अफसर रमित शर्मा को यह सम्मान पुलिस सेवा में अब तक उल्लेखनीय कार्यों और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए दिया जाएगा। प्रयागराज में तैनाती के दौरान उन्हें गृह मंत्रालय के विशिष्ट पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।



- जोनल ऑफिस के शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को शहर में लूट की घटना के बाद बड़ा बाईपास पर अहलादपुर में हुए एनकाउंटर ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए गैलेंट्री मेडल प्रदान किया जाएगा। इस ऑपरेशन में उनके साथ तत्कालीन एसपी अशोक मीणा, सीओ कुलदीप कुमार और सिपाही प्रवीण अहलावत भी शामिल थे जो अब अलग-अलग जिलों में तैनात हैं। बदमाशों ने कोहाड़ापीर इलाके में तड़के एक कारोबारी के मैनेजर से 80 लाख रुपये लूट लिए थे। इंस्पेक्टर और उनकी टीम ने दो बदमाशों को बड़ा बाईपास पर एनकाउंटर में ढेर कर रकम बरामद की थी।

---

## एडीजी जोन रमित शर्मा समेत 17 को मिलेगा राष्ट्रपति गैलेंट्री मेडल

- **लखनऊ के डीसीपी निपुण अग्रवाल, गाजियाबाद के एसीपी स्वतंत्र सिंह को भी सम्मान**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के 17 जवानों को राष्ट्रपति गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। गैलेंट्री अवार्ड पाने वालों में एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा, लखनऊ कमिश्नरेट के डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल, गाजियाबाद के एसीपी स्वतंत्र सिंह का नाम भी शामिल है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति गैलेंट्री पदक की घोषणा की है।



एडीजी रमित शर्मा

शनिवार को हुई घोषणा में पूरे देश में यूपी पुलिस को सबसे ज्यादा 17 वीरता पदक मिले हैं। इसके बाद जम्मू कश्मीर पुलिस 15 वीरता पदक मिले हैं। पैरा मिलिट्री में सीआरपीएफ को 18 गैलेंट्री मेडल की घोषणा की गई है। यूपी फायर सर्विसेज के 16 अधिकारियों को राष्ट्रपति गैलेंट्री पदक मिलेगा। देशभर से 942 को सम्मानित होंगे इनमें 95 जवानों को वीरता पदक, 101 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 746 को सराहनीय सेवा पदक दिया जाएगा। यूपी पुलिस को सबसे अधिक 17 मेडल दिए गए हैं।

### उप्र फायर सर्विस से इन्हें दिया जाएगा मेडल

राहुल पाल मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कुंवर सिंह फायर स्टेशन अधिकारी, जोगेंद्र सिंह फायरमैन, सतेंद्र सिंह ड्राइवर, प्रह्लाद सिंह राणा फायरमैन, आयुष्मान कुमार शर्मा फायरमैन, दीपक शर्मा मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कमलेन्द्र कुमार सिंह फायर स्टेशन द्वितीय अधिकारी, सुदेश कुमार बाबू फायर स्टेशन चालक, करवेन्द्र सिंह फायरमैन, शैलेश फायरमैन, आदित्य पाठक फायरमैन, अरुण कुमार सिंह मुख्य अग्निशमन अधिकारी, श्रीनारायण सिंह फायर स्टेशन अधिकारी, कपिल यादव फायरमैन, मुकुल फायरमैन के नाम शामिल हैं।

### इनको भी मिलेगा वीरता के लिए सम्मान

यूपी के आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार मीणा, डॉ. दीक्षा शर्मा, डिप्टी एसपी स्वतंत्र कुमार सिंह, कुलदीप कुमार को भी राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार दिया जाएगा। इनके अलावा इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, अमित, अब्दुर रहमान सिद्दीकी, रिपुदमन सिंह, सब इंस्पेक्टर मुनीश सिंह, अंगद सिंह यादव, कांस्टेबल देवदत्त सिंह, राजन कुमार, रितुल शर्मा, प्रवीण अहलावत, संदीप कुमार को गैलेंट्री मेडल मिलेगा।

# I-Next जनपद बरेली दिनॉक 26.01.2025

# एडीजी को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (25 Jan):** गणतंत्र दिवस पर इस बार पुलिस विभाग में अवार्डो की बौछार हुई है. एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक व इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को गेलेंट्री मेडल दिया गया है. इसके अलावा जिले के अन्य करीब आठ पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न एवं सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया गया है. इसके अलावा शहर के तत्कालीन एसपी अशोक मीणा, सीओ कुलदीप कुमार व सिपाही प्रवीण अहलावत को भी गेलेंट्री मेडल दिया गया है. 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी रमित शर्मा वर्तमान में बरेली जोन के एडीजी के पद पर तैनात हैं. उनकी पूरी पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए 76वें गणतंत्र दिवस पर उन्हें राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक




एडीजी व इंस्पेक्टर गीतेश कपिल.

दिया जाएगा. रमित शर्मा एडीजी बरेली जोन बनने से पहले वह बरेली समेत आस-पास के कई जिलों में अलग-अलग पदों पर तैनात हो रह चुके हैं. वह अपनी ईमानदारी और कार्यशैली को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहे हैं. उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए यह पदक उन्हें दिया गया है. बता दें कि राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक उन पुलिसकर्मियों को दिया जाता है जिन्होंने कम से कम 21 वर्ष का सेवा काल पूर्ण किया हो और उसमें भी बेहतर कार्य किए हों. इसके अलावा इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को लूट के दो बदमाशों का एनकाउंटर करने के लिए अवार्ड दिया गया है. गीतेश कपिल वर्तमान में जोन कार्यालय में तैनात हैं. उस वक्त इस एनकाउंटर में शामिल एसपी अशोक मीणा, सीओ कुलदीप कुमार व सिपाही प्रवीण अहलावत को भी गेलेंट्री अवार्ड दिया गया हैं. वर्तमान में अशोक मीणा एसपी सोनभद्र, कुलदीप कुमार सीओ संभल और प्रवीण अहलावत सहारनपुर में सिपाही के पद पर तैनात हैं. वर्ष 2019 में सात जनवरी को व्यापारी अनूप अग्रवाल ने कोतवाली में प्राथमिकी लिखाई कि उनके कर्मचारी संजय को दो बदमाशों ने गोली मारकर लूट कर ली.

# दैनिक भास्कर जनपद बरेली दिनॉक 26.01.2025

# एडीजी रमित शर्मा को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को गैलेंट्री अवार्ड

भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बरेली जोन कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को बहादुरी के लिए गैलेंट्री मेडल से नवाजा गया। इस दौरान जिले के आठ अन्य पुलिसकर्मियों को भी उत्कृष्ट और सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए।

**ईमानदारी और अनुशासन के लिए पहचाने जाते हैं एडीजी रमित शर्मा:** 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी रमित शर्मा वर्तमान में बरेली जोन के एडीजी के



पद पर तैनात हैं। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, निष्पक्षता और जनता से जुड़ने की विशेषता है। कठिन परिस्थितियों में उनकी नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट कार्यशैली की हमेशा सराहना होती रही है। इससे पहले प्रयागराज में तैनाती के दौरान भी उन्हें गृह मंत्रालय के विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक उन अधिकारियों को दिया जाता है जिन्होंने 21 वर्षों से अधिक की सेवा के दौरान उत्कृष्ट कार्य किए हों। एडीजी रमित शर्मा ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपने दायित्वों को उत्कृष्टता से निभाया है और पुलिस बल के लिए एक प्रेरणास्रोत बने हैं।

**गैलेंट्री अवार्ड से नवाजे इंस्पेक्टर गीतेश कपिल:** बरेली जोन कार्यालय में शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में कार्यरत इंस्पेक्टर गीतेश कपिल को गैलेंट्री मेडल से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान एक खतरनाक एनकाउंटर में साहसिक भूमिका निभाने के लिए दिया गया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के साथ लूट के दो कुख्यात बदमाशों को मार गिराया। यह एनकाउंटर बड़ा बाईपास के पास अहलादपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ था, जहां बदमाशों ने कोहाड़ापीर इलाके में एक कारोबारी के मैनेजर से 80 लाख रुपये से अधिक की लूट की थी। इस अभियान में तत्कालीन एसपी अशोक मीणा, सीओ कुलदीप कुमार और सिपाही प्रवीण अहलावत भी शामिल थे। टीम ने कुशलता और साहस का परिचय देते हुए बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया और लूटी गई राशि बरामद कर ली। एनकाउंटर में शामिल अन्य अधिकारियों को भी गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया। अशोक मीणा वर्तमान में सोनभद्र में एसपी के रूप में तैनात हैं, जबकि सीओ कुलदीप कुमार संभल में और सिपाही प्रवीण अहलावत सहारनपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**बरेली पुलिस के लिए गर्व का क्षण:** एडीजी रमित शर्मा और उनकी टीम को मिले ये सम्मान बरेली जोन और पूरे पुलिस विभाग के लिए गर्व की बात है। एडीजी शर्मा की नेतृत्व क्षमता और ईमानदारी, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल व उनकी टीम की बहादुरी, पुलिस बल के अन्य अधिकारियों और जवानों के लिए प्रेरणा हैं। इन पुरस्कारों ने यह साबित कर दिया कि कर्तव्य के प्रति समर्पण और देशभक्ति हमेशा प्रशंसा के पात्र होते हैं। एडीजी रमित शर्मा और उनकी टीम ने यह दिखाया है कि ईमानदारी, कड़ी मेहनत और साहस से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेंगी।